## चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 07.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 07.09.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** आज दिनांक 07.09.2025 को पुलिस अधीक्षक श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में क्षेत्राधिकारी प्रज्ञान श्री अजेय कुमार शर्मा के पर्यवेक्षण में भाद्रपद पूर्णिमा के दृष्टिगत डॉग स्क्वाड, एलआईयू की संयुक्त टीम द्वारा रामघाट क्षेत्र,परिक्रमा मार्ग में सघन चेकिंग की गई।
चेंकिग को दौरान कोई आपत्तिजनक वस्तु प्रकाश में नही आयी।

**(4).** अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह द्वारा जनसुनवाई/आईजीआरएस का कार्य देख रहे समस्त थानों के पुलिस कर्मियों के साथ जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्वक निस्तारण के सम्बन्ध में मीटिंग की गयी । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि जनसुनवाई/आईजीआरएस पोर्टल माननीय मुख्यमंत्री की महात्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है । इस पोर्टल पर प्राप्त जनसमस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण की समीक्षा शासन स्तर पर प्रतिदिन की जाती है तथा जनपद एवं थाना स्तर पर फीडबैक में सुधार के संबंध में भी निर्देशित किया गया । आईजीआरएस/जनसुनवाई की निस्तारण हेतु शासन द्वारा समय निर्धारित किया गया है,शासन के द्वारा दिये गये समय के अन्दर आईजीआरएस/जनसुनवाई को पोर्टल पर अपलोड करें ताकि जनपद की रैंकिंग में सुधार हो। आईजीआरएस/जनसुनवाई प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं के प्रति नागरिकों की शिकायतों का समाधान करना है, इस प्रणाली से नागरिकों को उनकी शिकायते दर्ज करने,ट्रैप करने और समाधान प्राप्त करने में सुविधा प्रदान करती है। यह प्रणाली शासन/पुलिस के प्रति पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने में सहायक है। इस प्रणाली से पुलिस के कार्यशैली में भी बदलाव आया है । इसमें सीएम डैसबोर्ड,डीआईजी,आईडी,डीएम व अन्य कई पोर्टल होते है जिसकी अलग अलग समय शासन द्वारा निर्धारित किया गया है।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर श्री अरविंद्र कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल,क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री श्रीप्रकाश यादव,प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुतोष तिवारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरधुवा पुलिस व थाना पहाड़ी पुलिस द्वारा 01-01 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।
(i). उ0नि0 श्री अरविन्द पाण्डेय थाना सरधुवा मय हमराह आरक्षी सुजीत कुमार द्वारा मु0अ0स0 48/22 धारा 323,225,504,506 आईपीसी के वारंटी अभियुक्त माझी निषाद पुत्र रामजियावन निवासी ग्राम बिहरवां थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।
(ii). उ0नि0 श्री योगेन्द्र बहादुर सिंह थाना पहाड़ी द्वारा मु0न0 475/23 धारा 294,354ए,509 आईपीसी व 11/12 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 क एससी एसटी एक्ट के वारंटी अभियुक्त चुन्नु पुत्र रामपूजन विश्वकर्मा निवासी ग्राम चौरा थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध पर अंकुश लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थानाध्यक्ष राजापुर श्री पंकज तिवारी के मार्गदर्शन में थाना थाना राजापुर पुलिस टीम ने 01 वांछित अभियुक्त को चोरी के 02 अदद सोलर पैनल सहित गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-
निखिल सिंह उर्फ आदर्श पुत्र स्व0 रघुनाथ सिंह निवासी सगवारा थाना राजापुर जनपद चित्रकूट
बरामदगी-
02 अदद सोलर पैनल KLK कम्पनी
गिरफ्तारी का स्थान,दिनाँक,समय-
कमासिन रोड ओवर ब्रिज के नीचे ,07.09.2025 समय 12.50 बजे
घटना का संक्षिप्त विवरण-

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 31.01.025 को मंतगंजन सिंह पुत्र शत्रुधान सिंह निवासी नादिन कुर्मियान थाना राजापुर जनपद चित्रकूट द्वारा थाना राजापुर पर सूचना दी कि उनके ट्यूबबेल से अज्ञात चोरों द्वारा 33 नग सोलर पैनल चोरी कर लिए गए है। घटना के सम्बन्ध में थाना राजापुर में मु0अ0 सं0 27/025 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा थानाध्यक्ष राजापुर को चोरी की घटना के शीघ्र अनावरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।
आज दिनांक 07.09.2025 को उ0नि0 इमरान खान एवं उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि जो वाछित अभि0 निखिल सिंह उर्फ आदर्श की आप तलाश कर रहे है वो चोरी के पैनल लिये हुए राम वनगमन मार्ग के ओवर ब्रिज के निचे कमासिन रोड पर वाहन का इन्तजार मे खडा है। यदि जल्दी किया गया तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर उ.नि. मय हमराह, मय मुखबिर खास को साथ लेकर कमासिन रोड पर ओवर ब्रिज के तरफ रवाना हुए तो कुछ दूरी से खड़े व्यक्ति के तरफ इशारा करके दिखाया कि वही व्यक्ति निखिल सिंह उर्फ आर्दश है। थाना राजापुर पुलिस द्वारा हिकमत अमली से घेर घार कर कमासिन रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे से 25, 30 मीटर कमासिन रोड पर खडें व्यक्ति पकड़ लिया गया पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम निखिल सिंह उर्फ आदर्श पुत्र स्व0 रघूनाथ सिंह नि0 सगवारा थाना राजापुर जिला चित्रकूट उम्र 21 वर्ष बताते हुए बताया कि मेरे पास चोरी के सोलर पैनल है। जिसे बेचने के लिए जा रहा था ।सोलर पैनल ओवर बृज के पिलर के पास रोड के किनारे छिपा कर रखे है। जिसे आज लेकर आये है। वाहन का इन्तजार कर रहे थे कौशाम्बी मे ले जाकर किसी को बेचना था जिस पर पुलिस द्वारा पकडे गये व्यक्ति को साथ लेकर उसके द्वारा बताये गये स्थान ओवर ब्रिज के पिलर के पास रोड के किनारे देखा गया तो पिलर से लगे हुए दो अदद सोलर पैनल बरामद हुआ जिसके पीछे साइड मे KLK कम्पनी का मार्क सहित अंकित है। दोनो सोलर पैनल एक ही कम्पनी का है। जिसके सम्बन्ध मे थाना राजापुर मे मु0अ0सं0 27/25 धारा 303(3),317(2) BNS पंजीकृत है।जिसमे 4 अभियुक्त 1.अमन सिंह पटेल पुत्र अभिलाष सिंह नि. बाबुपुर थाना पहाड़ी 2.इरशाद उर्फ भिंडी पुत्र अफसर अहमद निवासी ग्राम पहाड़ी थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट 3.मनदीप सिंह पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम अहिरा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट 4.प्रशान्त कुमार पुत्र संतोष कुमार निवासी ग्राम प्रसिद्धपुर थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट को दिनांक 30.03.2025 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है ।एक अभि0 निखिल सिंह उर्फ आर्दश पुत्र स्व0 रघूनाथ सिंह निवासी सगवारा थाना राजापुर चित्रकूट वांछित चल रहा है। जिसमे 33 सोलर पैनल चोरी गई थी पुर्व मे गिरफ्तार अभि0गणो के कब्जे से 24 सोलर पैनल KLK कम्पनी का बरामद हो चुका है। तथा शेष 9 सोलर पैनल की बरामदगी

शेष है। इस पर पकडे गये व्यक्ति से कडाई से पूछताछ किया गया तो बताया कि साहब जो साथी हमारे पहले पकडे गये है। उन्ही के साथ मिलकर हम लोग ग्राम नादिन कुर्मियान के एक टयूबेल मे लगे 33 सोलर पैनल चुराये थे तथा थाना पहाड़ी क्षेत्र से एक स्कुल से तथा थाना सरधूवा क्षेत्र से सोलर पैनल चुराये थे जिसमे से कुल 9 सोलर पैनल हम को मिला था बाद मे उसमे से मेरे हिस्से के 7 सोलर पैनल उन्ही लोगो द्वारा ले जाकर किसी बेच दिया गया था जिसका पैसा खर्च हो गया है तथा शेष दो अदद सोलर पैनल नादिन कुर्मियान वाला बचा था जिसे छिपा कर हम फरार हो गये थे आज मौका पाकर थे दोनो सोलर पैनल को बेचने के लिए लेकर जा रहा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया है। इस पर पकड़े गये व्यक्ति को धारा 303(2), 317(2) BNS का अपराध बता कर तथा उपरोक्त मुकदमे का वाछित अभियुक्त बताकर व कारण गिरफ्तारी बताते हुए समय 12.50 बजे मय दो अदद सोलर पैनल के हिरासत पुलिस मे लिया गया।
गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. उ0नि0 श्री इमरान खान
2. आरक्षी अजय मिश्रा
3. आरक्षी चन्दन विश्वकर्मा